हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 1 अक्तूबर 2023, समय 1305 (5 मिनट))

आज देशभर में लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर महा स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। श्री मोदी ने महात्मा गांधी जयंती से पूर्व आज सुबह 10 बजे 1 घंटा श्रमदान का आहवान कर बापू को स्वच्छांजलि देने का आहवान किया था। अपने पिछले मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के महत्व को उजागर करते हुए लोगों को महास्वच्छता अभियान में मिलकर शामिल होने का अनुरोध किया था।

आज हर स्तर के नागरिकों ने बाजारों, रेलवे स्टेशन, नदियों, नालों, पर्यटन एवं धार्मिक स्थानों सहित सार्वजनिक स्थानों पर चलाई स्वच्छता गतिविधियों में भाग लिया।

राष्ट्रीय राजधानी में भारती जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रिय मंत्रियों धर्मेंद्र प्रधान, डॉ. जितेंद्र सिंह, हरदीप सिंह पुरी, मिनाक्षी लेखी, राजीव चंद्र शेखर व अन्य प्रतिनिधियों ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

इस महास्वच्छता अभियान के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण भारत में 6 लाख 40 हजार से अधिक स्थानों को श्रमदान के लिए चुना गया। बड़ी गिनती में आवसीय कल्याण संगठनों ने भी लगभ 1 लाख आवासीय परिसरों में स्वेच्छा से श्रमदान किया।

इस विशिष्ट पहल में विभिन्न स्थानों पर सफाई के लिए नागरिकों के साथ भारतीय थल सेवा जल सेना और वायु सेना के जीवन भी शामिल हुए।

....

आज हरियाणा में भी महास्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर श्रमदान किया गया। पलवल में गांधी सेवा आश्रम में स्थानीय विधायक दीपक मंगला के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया, उन्होंन सफाई कार्यों के दौरान आम जन से अपील की, कि गांधी जी के सपनों को साकार करने के लिए अपने आस

पास के क्षेत्र को साफ रखें क्योंकि स्वच्छता से रोग भी समाप्त हो जाते है। वहीं पलवल में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर भूमि सुधार एवं विकास निगम के अध्यक्ष एवं होडल से विधायक जगदीश नायर की अगुवाई में श्रमदान किया गया और मुख्य मार्ग की सफाई की गई। पलवल के गांव बघौला में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार ने अमृत सरोवर पर स्वच्छता अभियान की अगुवाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया, पलवल के गांव छज्जुनगर में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा ने स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम में शिरकत की, उन्होंने बताया कि जिला पलवलकी ग्राम पंचायतों में सरपंचों व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जिला स्तर, खंड स्तर व ग्राम स्तर पर 296 स्थानों पर एक साथ, एक घंटा श्रमदान किया गया है।

....

कुरूक्षेत्र में सन्निहित सरोवर पर सांसद नायब सिंह ने खुद कस्सी चलाकर और विधायक सुभाष सुधा ने कचार रेहड़ी से कचरा उठाकर श्रमदान किया। श्री ब्रहमानंद आश्रम से साध्वी देवी दर्शना और भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रवी बतान के साथ लोगों ने तीर्थ के पास की सड़कों व नालियों की सफाई की।

इस अवसर पर नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से लेकर कल 2 अक्तूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है और इस दौरान कई सार्वजनिक स्थलों की सफाई की जारही है उन्होंने लोगों को स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।

....

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अब "डॉ. बी. आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण" योजना के लाभार्थियों को उनके मकान की मुरम्मत करने के लिए दी जाने वाली राशि को बढ़ाकर 80 हजार रुपये कर दिया गया है। पहले यह राशि 50 हजार रूपये थी। अभी तक इस योजना के तहत एक लाख लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया है।

मुख्यमंत्री आज "डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवास नवीनीकरण" योजना के लाभार्थियों से रोहतक से ऑनलाइन संवाद करते हुए यह जानकारी दी।

इस अवसर पर अनेक लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री को गरीबों का हितैषी बताते हुए धन्यवाद किया और कहा कि उनके पुराने व जीर्ण-शीर्ण मकान की मरम्मत के लिए पैसे देकर आपने उसे रहने लायक मकान बनाने में मदद की है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने योजना का लाभ उठाने वाले व्यक्तियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक न्याय से संपूर्ण विकास की अवधारणा को साकार करने के लिए संकल्पबद्ध है। सरकार गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में सुधार लाने के पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन से प्रेरित होकर प्रदेश में समाज कल्याण के एक नए युग का सूत्रपात किया है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों के साथ खड़ी है उनको सरकारी योजनाओं का लाभ देकर मुख्य धारा में शामिल करने का प्रयास कर रही है।

....